प्रतिलिपि पत्र संख्या-ई.स.1570/जी.एस. दिनांक 04.08.2003 द्वारा कुलाधिपति जी के विशेष सचिव, राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, लखनऊ सम्बोधित कुलसचिव छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर ।

आपके पत्र संख्या-सी.एस.जे.एम.वि.वि./सम्ब./2524/03, दिनांक 19.6.2003 एवं 2541/03 दिनांक 21.6.2003 के संदर्भ में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि महामहिम कुलाधिपति महोदय ने उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा-37(2) के अधीन गुढ़ादेवी श्याम बिहारी महाविद्यालय, डेरापुर, कानपुर देहात को बी0एड0 पाठ्यक्रम एवं स्नातक स्तर पर कला संकाय में हिन्दी, अंग्रेजी, शिक्षाशास्त्र, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र एवं राजनीति विज्ञान विषयों में स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत निम्नलिखित शर्तों के अधीन दिनांक 1.7.2003 से सम्बद्धता की स्वीकृति सहर्ष प्रदान कर दी है :-

1. संस्था उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी शासनादेश संख्या-2851/सत्तर-2- 2003-16 (92)/2002 दिनांक 02 जुलाई 2003 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों एवं समय-समय पर इस विषय में निर्गत शासनादेशों का पालन करेगी । विश्वविद्यालय द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि उक्त महाविद्यालय शासनादेश एवं अन्य सुसंगत नियमों का पूर्णरूपेण परिपालन किया जा रहा है ।
2. यदि संस्था द्वारा विश्वविद्यालय की परिनियमावली में वर्णित तथा शासन द्वारा निर्धारित शर्तों एवं मानकों की पूर्णता एवं उनकी निरन्तरता को सुनिश्चित नहीं किया जायेगा तो उ0प्र0 राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 के सुसंगत प्रावधानों के अंतर्गत संस्था को प्रदान की गई सम्बद्धता वापस लिए जाने की कार्यवाही नियमानुसार की जायेगी ।

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

सी.एस.जे.एम.वि.वि./सम्ब./2951/2003 दिनांक- 9.8.03

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. प्रबन्धक,प्रबन्ध समिति, गुढ़ादेवी श्याम बिहारी महाविद्यालय, डेरापुर, कानपुर देहात, को इस आशय से प्रेषित है कि महामहिम कुलाधिपति महोदय के उपरोक्त निर्देशों का अनुपालन करना सुनिश्चित करें ।
2. सहायक कुलसचिव(बी0एड0प्रवेश परीक्षा) सी.एस.जे.एम.विश्वविद्यालय, कानपुर को इस आशय से प्रेषित है कि महाविद्यालय में बी0एड0 पाठ्यक्रम में छात्र/छात्राओं की प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करें
3. सहायक कुलसचिव(अतिगोपनीय), सी.एस.जे.एम.विश्वविद्यालय, कानपुर ।
4. सिस्टम मैनेजर, कम्प्यूटर विभाग,सी.एस.जे.एम.विश्वविद्यालय, कानपुर ।
5. इंचार्ज, ई.डी.पी.सेन्टर, सी.एस.जे.एम.विश्वविद्यालय, कानपुर ।

(डा0बी0के0पाण्डेय)
कुलसचिव

प्रबन्धक
गुढ़ा देवी श्याम बिहारी महाविद्यालय
डेरापुर, कानपुर देहात

गुढ़ादेवी श्याम बिहारी महाविद्यालय डेरापुर, कानपुर देहात